## एक नजर में

### आयुर्वेद महाविद्यालय में तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन



**मन्दसौर।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नए प्रवेशी छात्रों में एकाग्रता, तनाव प्रबंधन, आंतरिक क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से हार्टफुलनेस टीम द्वारा दिनांक 29, 30 एवं 31 दिसंबर को तीन दिवसीय ध्यान सत्र आयोजित किया गया। जिसमें इस वर्ष भी 150 नए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सहभागिता की और हार्टफुलनेस की सदस्यता ली ।जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक यादव एवं समस्त स्टाफ, एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की और तनाव मुक्त होकर अपने आप को शांत अनुभव किया और इससे आगे प्रेरित होकर आगे भी यही सत्र नियमित रूप से आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की ।इस कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था से डॉ. नीलेश नगायच ने वैज्ञानिक तथ्यों के माध्यम से ध्यान से होने वाले लाभ बताएं, जिला समन्वयक एवं प्रशिक्षक दीपेंद्र सोनी ने ध्यान कराया और प्रशिक्षक रश्मी शर्मा ने निर्देशित शुद्धिकरण कराया, इस आयोजन में हार्टफुलनेस के अभ्यासी भाई राजेंद्र भटनागर, सुरेश पामेचा, दिनेश रीठा, विशाल शर्मा, बहन संजू शर्मा उपस्थित रहे। सभी में नव वर्ष में हार्टफुलनेस अभ्यास को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

### ठंड देखते हुए अलाव की व्यवस्था करें :नगर पालिका अध्यक्ष चोपड़ा व नपा अधिकारी



**नीमच।** वार्ड नं. 07 की पार्षद सुमित्रा मुकेश पोरवाल ने नगर पालिका अध्यक्ष साथी गौरव चोपड़ा व नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखकर मांग की गई ठंड अब अपना असली रूप दिखाने लगी है, सुबह और रात के समय तो कड़ाके की ठंड पडने लगी है। ऐसे में नगरपालिका को चाहिये कि नपा जनहित में अलाव की व्यवस्था करे। ऐसे जगहों को चिन्हित करे जहां आमजन को आना जाना अधिक लगा रहता है वहीं बाहर से आने वाले लोगो के लिये भी ठहरने, रहने और उनके लिये अलाव की व्यवस्था का ध्यान रखा जाये। खासकर रेलवे स्टेशन के आसपास, बस स्टेशन के आसपास, प्रमुख चौराहो के समीप, प्रमुख क्षेत्रों के आवागमन वाले स्थानों पर अतिशीघ्र अलाव की व्यवस्था करें पूर्व में नगर पालिका द्वारा ग्वालटोली भगवानपुर चौराहा मनासा नाका नीमच सिटी अन्य स्थानों पर भी अलावकी व्यवस्था कई सालों से की जा रही है एवं कड़कने की ठंड से आम लोगों को निजात दिलाई जाती है लेकिन वर्तमान में कुछ स्थानों पर ही अलार्म की व्यवस्था की जा रही जो की ठीक नहीं है अन्य स्थानों पर भी व्यवस्था कराई जावे। जहां घनी आबादी क्षेत्र है वहां पर अलाव निश्चित डलवाया जावे नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा से मांग की है कि तत्काल अधिकारी को निर्देश देकर यह व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### लक्ष्मीपुरा में चने के खेत में दिखा 12 फिट का अजगर



**नीमच।** जावद क्षेत्र के अठाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुरा में मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किसान के चने के खेत में 12 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। खेत में काम कर रहे किसान ने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी, जिसके बाद वन विभाग को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षित रेस्क्यू अभियान शुरू किया। वनरक्षक पंकज माली ने बताया कि अजगर की लंबाई करीब 12 फीट और वजन लगभग 35 किलोग्राम था। अजगर काफी फुर्तीला होने के कारण उसे काबू में करने में टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणों के सहयोग से वन विभाग की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू के बाद अजगर को जंगल क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस दौरान वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि ऐसे मामलों में घबराएं नहीं और तुरंत विभाग को सूचना दें।

### ओवरलोडिंग पर यातायात विभाग सख्त सरकार उपकार पर चलानी कार्रवाई बसों की छतों से हटेंगे केरियर

**नीमच।** लंबे रूट पर चलने वाली यात्री बसों में कृषि जिंसों की ओवरलोडिंग को लेकर यातायात विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।



इसी क्रम में बीते कल सोमवार को मिली शिकायत के बाद सरकार उपकार बस पर चालानी कार्रवाई करते हुए विभाग ने बस मालिकों को कड़े निर्देश जारी किए हैं ।वही कार्रवाई के दौरान बस में निर्धारित क्षमता से अधिक कृषि जिंसें पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी सोनू बडगुजर ने बताया कि बीते दिवस मिली शिकायत के मामले में बस मालिक पर चलानी कार्यावाही की गई है वही सभी बस मालिको को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी बस मालिक अपनी-अपनी बसों की छतों पर लगे केरियर तत्काल प्रभाव से हटाएं। विभाग का कहना है कि छतों पर माल लादने से न केवल बस का संतुलन बिगड़ता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है ।अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी भी बस में ओवरलोडिंग या छत पर माल परिवहन पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पालसोडा के शुभमने चुनी दुग्ध उत्पादन से समृद्धि की राह

**पशुपालन कर, प्रतिमाह कमा रहे 1.20 लाख रूपये**



**नीमच।** नीमच के ग्राम पालसोड़ा निवासी शुभम पाटीदार ने पशुपालन कर, दुग्ध उत्पादन से समृद्धि की राह चुनी है, वे प्रति माह दुग्ध उत्पादन से 1.20 लाख रुपये कमा रहे है। शुभम बताते है, कि 8 वर्ष पूर्व 6 गायों से डेयरी का कार्य प्रारम्भ किया, फिर 4 गाये ओर खरीदी तथा घर की दो भैंसे थी, शुभम के पास वर्तमान में 12 दुधारू पशु है तथा उनमें से 6 पशु दूध दे रहे है, इनसे प्रतिदिन एक क्वींटल दूध उत्पादन हो रहा है, जो 40 से 50 रूपये लीटर से बेचकर प्रतिमाह एक लाख 20 हजार रुपये की कमाई कर रहे है। शुभम के पास दुधारू गायों के अतिरिक्त 6 बछडियाँ है तथा उनके उचित पौषण से वे उन्हें 18 माह की उम्र में क्रास करवा रहे है। गायों का प्रजनन प्रबंधन इस प्रकार से कर रहे हैं, कि उनके पास उपलब्ध गायों में से आधी वर्ष भर दूध दे रही है। शुभम बताते हैं, कि मैं इन पशुओं से 10 बीघा खेती वाले किसान से ज्यादा कमा लेता हूँ! उन्होने आधुनिक पशु शाला बना रखी है, ताकि सिमित मानव संसाधन में पशुओं का समुचित रख रखाव कर सके। इस तरह पालसोडा के शुभम ने दुग्ध उत्पादन कर अपनी आर्थिक समृद्धि की राह चुनी है, वे इसमें सफल रहे है। अब शुभम आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गये है।

# बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष टेलर का जगह-जगह स्वागत

## विशाल रोड शो में प्रथम नीमच आगमन पर शहर में अभूतपूर्व उत्साह और उमंग देखने को मिला

**नीमच। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम नीमच आगमन पर शहर में अभूतपूर्व उत्साह और उमंग देखने को मिली।**



इस अवसर पर भाजयुमो द्वारा आयोजित भव्य और ऐतिहासिक रोड शो ने पूरे नीमच को उत्सव में बदल दिया। रोड शो की शुरुआत मनासा रोड स्थित पीजी कॉलेज से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ा। स्वागत के लिए जगह-जगह भव्य मंच, होर्डिंग और बैनर लगाए गए थे। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर, साफा बांधकर और जयघोष के साथ श्याम टेलर का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

रोड शो में युवाओं की भारी भागीदारी रही। पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप के समीप जेसीबी से की गई पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी ने माहौल को जोश और उल्लास से भर दिया। डीजे पर गूंजते देशभक्ति गीतों के बीच पूरा शहर भाजपा और भाजयुमो के रंग में रंगा नजर आया।

इस अवसर पर श्याम टेलर ने युवा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, 'युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत है।' पूरा रोड शो विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुआ।

नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हेमंत हरित, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी श्याम टेलर का स्वागत किया।

भव्य रोड शो शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए भारत माता चौराहा फोर ज़ीरो पर संपन्न होगा, जिसके बाद तपोभूमि भाजपा कार्यालय में श्याम टेलर पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होकर संबोधन देंगे। भाजयुमो के युवा कार्यकर्ताओं ने कहा कि नीमच में हुआ यह ऐतिहासिक स्वागत कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा की एकजुटता, शक्ति और युवाओं के जोश का स्पष्ट उदाहरण बन गया है।

### प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने दी नववर्ष की बधाई

नीमच। प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने प्रदेश के साथ ही नीमचजिले के नागरिकों को नववर्ष पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने अपने संदेश में कहा, कि प्रदेश एवं जिले के नागरिकों को वर्ष-2026 में प्रत्येक क्षैत्र में विकास का ओर अधिक लाभ प्राप्त होगा तथा शासन के जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं से समाज के हर एक वर्ग के लोगों को खुशहाली एवं सुख समृद्धि मिलेगी। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और नागरिकों को नववर्ष पर हार्दिक बधाई दी हैं।




### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नीमच में रंगोली और भाषण स्पर्धा का आयोजन

**नीमच। सुशासन दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, नीमच के तत्वावधान में और स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के सहयोग से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नीमच में रंगोली व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।**

भाषण प्रतियोगिता में उमेद सिंह प्रथम व दिव्या माली द्वितीय रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में दिव्यांशु धाकड़ प्रथम, दिव्या माली द्वितीय एवं चंचल सोलंकी तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में अतिथि डॉ. प्रभावती भावसार, विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. सी. जैन तथा अध्यक्षता डॉ. कमलेश पाटीदार ने की। संचालन राकेश कुमार कसवा एनएसएस अधिकारी ने किया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में सुशासन व नागरिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## लापरवाही की शिकायतों पर एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण



**गरोठ। शासकीय अस्पताल में मरीजों को हो रही समस्याओं एवं लापरवाही की शिकायतों को लेकर बुधवार 31 दिसंबर 2025 को एसडीएम श्री राहुल चौहान ने शासकीय अस्पताल गरोठ का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मरीजों से चर्चा कर शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, उपचार व्यवस्था, रूटीन चेकअप तथा डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की समय पर उपस्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया ।एसडीएम ने पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर कुपोषित बच्चों की संख्या, उन्हें मिल रहे उपचार एवं सुविधाओं की समीक्षा की। साथ ही प्रसूताओं को शासन की योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम चौहान ने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।

### पांच दिवसीय बैंकिंग और अन्य मांगों को लेकर बैंक कर्मियों ने भरी हुंकार, जनवरी में महा हड़ताल की चेतावनी




**मंदसौर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बैंक कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने और अन्य मांगों के समर्थन में किया गया।

यूनाइटेड फोरम के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि बैंक कर्मी लंबे समय से 5-दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रबंधन द्वारा इस पर टालमटोल की जा रही है। इसी के विरोध में 1 दिसंबर 2025 से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जा चुका है।

जनवरी 2026 में ठप रहेंगे बैंक- यूनियन के प्रतिनिधि ने बताया कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो आगामी जनवरी 2026 के तीसरे सप्ताह में राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल की जाएगी। इस हड़ताल से देश भर का बैंकिंग कामकाज पूरी तरह ठप रहेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## अपूर्ण कोर्स तत्काल पूर्ण करें : कलेक्टर

### परीक्षा परिणाम सुधार पर दिया जोर

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में डाइट सभागार में हाई स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**





कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में शैक्षणिक कोर्स अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है, वे तत्काल कोर्स पूर्ण करें। उन्होंने विद्यार्थियों से विगत 5 वर्षों के प्रश्न पत्र हल करवाने, नियमित मॉक टेस्ट आयोजित करने तथा 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

बैठक में त्रैमासिक व अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा कर आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो से विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने की अपेक्षा जताई।

**एक नजर** | लायंस क्लब द्वारा स्व. महेंद्र कुमार चौरड़िया की स्मृति में विशाल

# स्वास्थ्य शिविर में 350 मरीजों ने लिया लाभ

**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर के तत्वावधान में स्व. श्री महेंद्र कुमार चौरड़िया की स्मृति में चौरड़िया परिवार के सौजन्य से एक विशाल नि:शुल्क सर्व रोग निदान शिविर का भव्य आयोजन बुधवार को पद्मावती परिणय रिसोर्ट में किया गया। इस शिविर में नगर और आसपास के क्षेत्रों से आए 350 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। श्री महेन्द्र चौरड़िया सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे। चौरड़िया परिवार द्वारा उनकी स्मृति में इस तरह का सेवा कार्य करना समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने लायंस क्लब के सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गरीब और मध्यम वर्ग को विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ सुलभता से मिल जाता है।

विशेष अतिथि के पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि लायंस क्लब मंदसौर हमेशा से ही सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहा है। चौरड़िया परिवार द्वारा स्व. महेन्द्र चौरड़िया की स्मृति में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों को इलाज उपलब्ध कराने का यह प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता भी उपस्थित रही।

शिविर के सफल आयोजन में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले लाभार्थी परिवार के श्रीमती प्रेमलता बेन चौरड़िया, अनिल चौरड़िया, लायन शैलेन्द्र चौरड़िया, प्रेमेन्द्र चौरड़िया, पिंकेश चौरड़िया, पलाश चौरड़िया एवं सिद्धार्थ चौरड़िया की गरिमामयी उपस्थिति रही। सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए लायंस क्लब द्वारा संपूर्ण चौरड़िया परिवार का शॉल-श्रीफल से बहुमान किया गया।

स्वागत भाषण देते हुए क्लब अध्यक्ष लायन रत्नेश कुदार ने कहा कि लायंस क्लब के कार्यों एवं शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. सुरेश पमनानी (शिशु रोग), डॉ. मजहर हुसैन (नेत्र रोग), डॉ. शुभम चेलावत (हृदय रोग), डॉ. यश पामेचा (गुर्दा व मूत्र रोग), डॉ. प्रवीण भोज (हड्डी रोग), डॉ. गुंजन मेहता (चर्म रोग),

डॉ. आकांक्षा त्यागी (स्त्री रोग), डॉ. हर्षित दवे (स्पाइन रोग), डॉ. श्रेयांस तलेरा (पेट व लीवर रोग) एवं डॉ. श्रुति चेलावत (दंत रोग) ने सेवा दी। शिविर के दौरान मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही, जैन पैथोलॉजी के डॉ. सुरेश जैन और अग्रवाल अल्ट्रासाउंड के डॉ. दीपक अग्रवाल के सहयोग से जांचों पर 70 प्रतिशत तक की भारी छूट प्रदान की गई।

कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन मयंक गांधी ने किया। व आभार प्रदर्शन क्लब सचिव लायन डॉ. विक्रांत भावसार ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ लायन प्रदीप कीमती, सुरेन्द्र नाहटा, डॉ. प्रदीप चेलावत, डॉ. गोविन्द छापरवाल, मारूति पोरवाल, मनोहर सोनगरा, सुभाष बग्गा, प्रवीण राठौर, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, राजेन्द्र पामेचा, लोकेन्द्र धाकड़, डॉ. के.सी. श्रीमाल, विकास भण्डारी, जितेन्द्र पोरवाल, संदीप गुप्ता, ताराचंद जैसवानी, अंकीत कीमती, राहुल नाहटा, सुनील तलेरा, अजय लोढ़ा, कपिल नाहटा, पंकज पोरवाल, अजय धाकड़, राजेश पोरवाल, अशोक रिजवानी, राजेश पारिख, संजय पोरवाल, अमित कटलाना, डॉ. निलेश नगाचय, कमलेश कटारिया, जयंत चौधरी सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य और नागरिक उपस्थित थे।